# गरीब की बेटी के विवाह को मुख्यमंत्री कन्यादान योजना

**छिन्दवाड़ा, देशबन्धु।** प्रधामनमंत्री नरेंद्र मोदी और मुख्यमंत्री मोहन यादव के नेतृत्व में गरीबों तक शासन की योजना कैसे पहुंचे इसका काम किया जा रहा है। गरीब के कल्याण के लिए निकली योजना में कन्यादान योजना भी महत्वपूर्ण है। पहले गरीब को बेटी के विवाह की सम्मान के साथ करने की चिंता रहती थी। इस योजना से सम्मान के साथ गरीब अपनी बेटी का विवाह कर पा रहा है। उक्त आशय के उद्गार चौरई के स्टेडियम ग्राउंड में आयोजित मुख्यमंत्री कन्यादान विवाह समारोह को संबोधित करते हुए सांसद बंटी विवेक साहू ने व्यक्त किये।

उन्होंने कहा कि गरीब के कल्याण के लिए मुख्यमंत्री विवाह एक महत्वपूर्ण योजना है। इससे गरीब भी अपनी बेटी का विवाह बाजे गाजे और धूमधाम से सम्मान के साथ कर पा रहा है। इस अवसर पर उन्होंने नव विवाहित जोडों को शुभकामनाएं दी और उन पर फूल बरसाए।

चौरई के स्टेडियम ग्राउंड में आयोजित मुख्यमंत्री कन्यादान योजना के अंतर्गत सोमवार को 508 जोडों ने एक दूसरे का हाथ थामा। इसमें 3 निकाह सहित 273 आदिवासी समाज के जोड़ों एवं 232 अन्य समाज के जोडों के भी विवाह हुए। चौरई में पहली बार इतनी बडी संख्या में



मुख्यमंत्री कन्यादान कल्याण योजना से विवाह हुए है।

**प्रतीकात्मक चैक प्रदान किये**

कार्यक्रम में सांसद बंटी विवेक साहू, भाजपा जिलाध्यक्ष शेषराव यादव, विधायक सुजीत चौधरी, पूर्व विधायक रमेश दुबे, विधानसभा प्रभारी लखन वर्मा सहित अन्य जनप्रतिनिधियों ने सभी 508 जोड़ों को प्रतिकात्मक चैक प्रदान किये। जिसमें प्रत्येक जोड़ों को 49 हजार के प्रतिकात्मक चैक दिये गये, जिसमें कुल 2 करोड़ 48 लाख 92 हजार की सहायता राशि नवविवाहित जोड़ों प्रदान की गई।

**धूमधाम से निकली बारात**

इससे पहले शासकीय कन्या उच्चतर माध्यमिक विधालय से बग्घियों, घोड़ों सहित अन्य साधनों से स्टेडियम ग्राउंड के लिए बारात निकली। बारात में सभी जनप्रतिनिधिगण, अधिकारीगण उपस्थित रहे। बडी संख्या में स्थानीय नागरिक भी विवाह समारोह में पहुंचे।

इस अवसर पर यह रहे प्रमुख रूप से उपस्थित कार्यक्रम में वरिष्ठ भाजपा नेता राजू नरोटे, भाजपा अल्पसंख्यक मोर्चा अध्यक्ष रिजवान कुरैशी, सभापति जगेन्द्र अल्डक, भाजपा जिला उपाध्यक्ष बंटी पटेल, जनपद अध्यक्ष सरोज राधेश्याम रघुवंशी, जनपद पंचायत उपाध्यक्ष शैलकुमारी वर्मा, नीरज बंटी पटेल, मंडल अध्यक्ष मदन राय, विजेन्द्र ठाकुर, धर्म वर्मा, नीरज पटेल, जिला पंचायत सदस्य कुसुम ऋषि वर्मा, तीरथ सिंह ठाकुर, नगर पालिका चौरई अध्यक्ष पूर्णिमा शरद जैन, उपाध्यक्ष सिरपत नायक, शैलेंद्र रघुवंशी, नगर परिषद चांद अध्यक्ष दानसिंह पटेल, विजेन्द्र चौरे, सुरेश शर्मा, कमलेश वर्मा, मंझलो पटेल, श्रीराम चौरसिया, वीरपाल उनॉती, ईश्वर सिंह चौधरी, चंद्रभान सोनी, मोनू शर्मा, दीपक दुबे, गुड्डु पटेल, आनंद भारद्वाज, नीलू निर्मलकर, संजय वर्मा, आनंद चौरसिया, सुमित सराठे, गोविंद धनतले, समस्त जनपद सदस्य चौरई, समस्त पार्षदगण नगर पालिका चौरई, एसडीएम चौरई प्रभात मिश्रा, सीईओ जनपद पंचायत तरुण राहंगडाले, तहसीलदार चौरई प्रीति पटेल, नायब तहसीलदार चांद मलय बाजपेई एवं विभिन्न विभागों के अधिकारी कर्मचारी मौजूद रहे।

## अमरनाथ यात्रा के लिए पंजीयन का काम शुरू

**छिन्दवाड़ा, देशबन्धु।** पवित्र श्री अमरनाथ यात्रा इस वर्ष तीन जुलाई से प्रारंभ होगी यात्रा में जाने के लिए यात्रियों को पंजीयन कराना होगा जिले में शिव शक्ति सेवा मंडल के द्वारा पंजाब नेशनल बैंक के माध्यम से आज से पंजीयन बनाने का कार्य प्रारंभ कर दिया गया है। मंडल सेवादार कृष्णा सेठिया, राकेश साहू ने जानकारी देते हुए बताया कि यात्रियों को पांच पासपोर्ट साइज की फोटो, आधार कार्ड की फोटो कापी, स्वास्थ सर्टिफिक्रेट अनिवार्य रूप से लगेगा।

जिला चिकित्सालय में प्रतिदिन सुबह 9 बजे से दोपहर 1 बजे तक मेडिकल स्वास्थ जांच निःशुल्क होगी वहां नियुक्त चिकित्सक डॉ. महीपत यादव, डॉ. मनीष गठोरिया अन्य चिकित्सक इस कार्य को करेंगे, सील लगवाना अनिवार्य होगा, वहीं पंजाब नेशनल बैंक में बायोमेट्रिक थम्भ, चालान के बाद पंजीयन होगा जिसका शुल्क निर्धारित है जो यात्री को व्यय करना होगा।

बैंक मैनेजर नितिन सोनी ने बताया है कि यात्रियों के पंजीयन की व्यवस्था कर ली गयी है। यात्री वगैर पंजीयन के यात्रा नहीं कर सकेंगे। यात्रियों को पंजीयन जरूरी है यात्रा में 13 वर्ष से 70 वर्ष के व्यक्ति ही जा सकते हैं। इस वर्ष 38 दिनों की यात्रा होगी। यात्रा तीन जुलाई से नौ अगस्त 2025 तक रहेगी। यात्रा के 2 अलग अलग मार्ग हैं पहला 48 किलो मीटर लंबा सौंदर्य से भरपूर पहलगाम मार्ग दूसरा 16 किलो मीटर लंबा दुर्गम मार्ग बालटाल है।

*सार समाचार*

## खनिज विभाग की निष्क्रियता से हो रहा है रेत का परिवहन, मुरम का अवैध उत्खनन



**छिन्दवाड़ा, देशबन्धु।** जिले में अवैध रेत और मुरम उत्खनन का सिलसिला थमने का नाम नहीं ले रहा है, जबकि खनिज विभाग के अधिकारी पूरी तरह निष्क्रिय नजर आ रहे हैं। ताजा मामला बड़गोना डेम का है, जहां हर रात डेम को छलनी कर मुरम निकाली जा रही है। यह मुरम लिंगा सर्कल के पास सड़क किनारे फेंकी जा रही है, जिससे आमजन के लिए गंभीर दुर्घटनाओं की आशंका बनी हुई है। सड़क पर पड़ी मुरम को हर आने-जाने वाला देख सकता है, लेकिन हैरानी की बात यह है कि क्षेत्र की जिम्मेदार महिला अधिकारी को यह नजर नहीं आ रहा है। जिले के सोनपुर की पहाड़ी और बड़गोना डेम के आसपास के क्षेत्रों में रात के अंधेरे में अवैध उत्खनन धड़ल्ले से जारी है। बावजूद इसके खनिज विभाग की ओर से कोई सख्त कार्रवाई नहीं की जा रही, मानो अधिकारियों ने आंखें मूंद ली हों।

सूत्रों की मानें तो विभाग में तैनात एक महिला अधिकारी का ड्राइवर अवैध कारोबारियों से मिलीभगत किए हुए है। बताया जा रहा है कि वह कार्रवाई से पहले ही संबंधित लोकेशन की जानकारी अवैध खननकर्ताओं को दे देता है, जिसके एवज में उसे मोटी रकम मिलती है।

कभी वाहन चालकों को कार्रवाई की धमकी देता है, तो कभी लोकेशन बताने के बदले पैसे वसूलता है। यह सवाल उठना लाज़मी है कि क्या यह सब महिला अधिकारी के इशारे पर हो रहा है ? यदि हां तो यह सिर्फ लापरवाही नहीं, बल्कि सुनियोजित भ्रष्टाचार है।

जिले में लगातार हो रहे इस अवैध खनन के पीछे विभागीय मिलीभगत की बू आ रही है। अब यह देखना बाकी है कि जिला प्रशासन और उच्च अधिकारी इस पूरे मामले को कितनी गंभीरता से लेते हैं और कब तक यह आंख मूंदे रवैया चलता रहेगा।

## सिकल सेल रोगियों के लिए होम्योपैथिक का निःशुल्क चिकित्सा शिविर 18 को पूजा लॉज में

**छिन्दवाड़ा, देशबन्धु।** होम्योपैथिक का 18 अप्रैल को सांसद बंटी विवेक साहू के मार्गदर्शन में होम्योपैथि वेलफेयर एसोसिएशन छिंदवाड़ा के द्वारा निःशुल्क चिकित्सा शिविर का आयोजन पूजा लॉज छिंदवाड़ा में किया गया है, जिसमें मरीजों का सिकलिंग टेस्ट और हीमोग्लोबिन तथा ब्लड ग्रुप का भी निःशुल्क टेस्ट किया जाएगा। सांसद श्री साहू ने छिन्दवाड़ा एवं पांढुर्णा के सिकलसेल मरीजों को पहुंचकर शिविर का लाभ लेने की अपील की है।

सांसद श्री साहू ने बताया कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी का संकल्प है कि 2047 तक देश में सिकल सेल रोग को समूल नाश करना है। इसके अलावा इस रोग के मरीज को लगातार रक्त चढ़ाना पड़ता है। सिकल सेल रोगियों के रक्त की पूर्ति के लिए हमारे द्वारा प्राथमिकता के साथ कार्य किया जा रहा है। इन रोगियों के कल्याण की भावना का उद्येश्य लेकर छिंदवाड़ा के होम्योपैथिक चिकित्सकों के सहयोग से सिकल सेल रोगियों की जाँच कर उनकी होम्योपैथिक चिकित्सा से निःशुल्क ईलाज किया जायेगा।

इसी के साथ ही शिविर में शुगर और बी.पी. की भी निःशुल्क जाँच की जायेगी। सांसद श्री साहू ने छिंदवाड़ा और पांढुर्णा जिले के समस्त सिकल सेल रोगियों से अपील की है कि वे इस निःशुल्क चिकित्सा शिविर में आकर अपना इलाज कराये।

## नशामुक्ति अभियान के तहत गुलाबी गैंग ने खोला मोर्चा

**बिछुआ, देशबन्धु।** आदिवासी विकास खंड में मंगलवार को मध्य प्रदेश गुलाबी गैंग कमांडर पुर्णिमा वर्मा के द्वारा गांव गांव जाकर बैठक लिया गया। गुलाबी गैंग कमांडर ने बताया कि नशामुक्ति अभियान चलाकर गांव के गरीब परिवार को सुरक्षित करने का दायित्व खुद मैंने अपने जिम्मे अपनी गैंग के साथ लिया है और महिलाओं बच्चों के भविष्य को संवारने के लिए आज अकलमा, महालनवाड़ा, सामरबोह में महिलाओ के द्वारा बैठक रखी गई थी, मेरे द्वारा आगामी समय में मोहन सरकार कि शव यात्रा निकाल कर विरोध प्रदर्शन किया जावेगा।

हाल ही में जो जानकारी प्राप्त हुई है वहां विकराल रूप ले चुकी है गांव-गांव शराब कि अवैध बिक्री, किराना दुकान में शराब, पान के ठेलों पर शराब, कुचीयो एंव ढाबो में शराब बेचीं जा रही है जो आदिवासियों के भविष्य के साथ खिलवाड़ है सरकार कि गलत नितीयो के खिलाफ अब बिछुआ कि पचास पंचायत में गुलाबी गैंग का गठन होगा और आनेवाले दिनों में यहां आंदोलन जिले में कलेक्टर कार्यालय का घेराव करेंगे। आज जिला कमांडर किरण मोहबे व गुलाबी गैंग के अन्य साथियों के साथ दौरा किया है और रुपरेखा तैयार किया है जो आगामी समय में शासन प्रशासन को शराब नितीयो पर सरकार बदलाव नहीं करती है तो गुलाबी गैंग अपना आक्रमक रवैया के साथ एक बार फिर जिला स्तर पर जन आंदोलन करने बाध्य होगी।



## ग्राम पंचायतों में ग्राम सभा का आयोजन



**छिन्दवाड़ा, देशबन्धु।** मध्यप्रदेश शासनए पंचायत एवं ग्रामीण विकास विभाग मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत छिंदवाड़ा के निर्देश अनुसार छिंदवाड़ा जनपद पंचायत के ग्राम जमुनिया में ग्राम सभा आयोजन किया गया।

ग्राम पंचायत सचिव बलराम विश्वकर्मा द्वारा ग्राम सभा के संबंध में नियमित एजेण्डा बिंदुओं के साथ स्थानीय कार्य सूची (विषय) को शामिल करते हुए ग्राम सभा आयोजित की इस अवसर पर एजेण्डा बाल विवाह प्रतिषेध अधिनियम 2006 अंतर्गत बालिका की उम्र 18 वर्ष एवं बालक की उम्र 21 वर्ष से कम उम्र के विवाह नहीं किये जाने हेतु जागरूकता बेटी बचाओं, बेटी पढ़ाओं योजना पर चर्चा स्कूलों और ऑगनवाड़ी केन्द्रों में स्वच्छ जल की उपलब्धता पर चर्चा की तथा कुपोषण मुक्त ग्राम पर चर्चा की।

विभिन्न प्रकार की पेंशन योजनाओं में लाभ पाने वाले हितग्राहियों की सूचियों का वाचन, हेल्थ एवं वेलनेस सेंटर (आरोग्यम) में प्रदाय की जाने वाली एवं स्वास्थ्य विभाग संबंधी योजनाओं, शासन की विभिन्न कल्याणकारी योजनाओं की जानकारी ग्राम सभा के समक्ष रखा ग्राम के स्वीकृत व प्रगतिरत निर्माण कार्यों संबंधी जानकारी का प्रस्तुतिकरण व चर्चा की गई।ग्राम में छूटे हुए लक्षित/पात्र परिवारों का स्व-सहायता समूहों में शीघ्र समावेशन कर ग्राम को परिपूर्ण करना एवं ग्राम के लक्षित परिवारों का समूहों में समावेशन का वाचन तथा सत्यापनए प्रधानमंत्री आवास योजना ग्रामीण अंतर्गत महिला सदस्यों के नाम से आवास स्वीकृति पर चर्चा हुई।

आवासहीन महिला मुखिया वाले परिवार के लिये आवास प्लस सर्वे 2024, स्वच्छता अभियान और पर्यावरण संरक्षण के उपायों पर चर्चा करना जैसे कूड़ा प्रबंधन, जल संरक्षण और जैविक खेती को बढ़ावा देना आदि।

कन्या अभिभावक पेंशन योजना पर चर्चा, वन अधिकार अधिनियम अंतर्गत गठित ग्राम वन अधिकार समिति से प्राप्त प्रस्तावों पर सम्यक संकल्प पारित करना आदि विषयों पर चर्चा जानकारी दी ग्रामीणों को दी गई। नोडल अधिकारी रंजीता सिंग ने महिलाओं को पोषण आहार से संबंधित जानकारी दी। इस ग्राम सभा में सरपंच सुनील चौधरी, ग्राम पंचायत सचिव बलराम विश्वकर्मा, सहायक सचिव नंदन काकोड़िया, पटवारी यशवंत अहिरवार, राम किशोर, अनिल दरिया, चंदा उसरेठे, आंगनबाड़ी कार्यकर्ता सविता अहिरवार, आंगनवाड़ी सहायिका आशा कार्यकर्ता एवं पंच गण मौजूद थे।

## महाविद्यालय चांद में व्याख्यान का आयोजन

**छिन्दवाड़ा, देशबन्धु।** शासकीय महाविद्यालय चांद में राष्ट्रीय सेवा योजना और व्यक्तित्व विकास विभाग द्वारा अम्बेडकर दर्शन की आधुनिक परिवेश में उपादेयता विषय पर आयोजित व्याख्यान में प्राचार्य प्रो. अमर सिंह ने कहा कि अंबेडकर दर्शन असमानता की खाई को पाटने वाले क्रांति दूत की अभिव्यक्ति है, जिसमें सफलता कोसने से नहीं, संघर्ष से मिलती है।



असफलता के लिए परिस्थितियों को दोषी ठहराकर व्यक्ति अपनी निजी दुर्बलताओं को ही जाहिर करता है। बुद्धि का विकास मानव विकास का अंतिम लक्ष्य है। उन्होंने अमानवीय विषमताओं के विरुद्ध संवैधानिक प्रावधानों के माध्यम से समानता के महानायक बनने का गौरव प्राप्त किया। उन्होंने कार्मिक उत्कृष्टता से वांक्षित लक्ष्य प्राप्ति को अपने दर्शन के केंद्र में रखते हुए कहा था कि किरदार से महकता चरित्र पवित्र करने वाला कोई इत्र नहीं है।

अम्बेडकर ने विकट परिस्थितियों में अपनी स्थिति को संभालकर मानवीयता निर्माण के सरोकारों से जूझकर आदर्श स्थापित किया। प्रो. रजनी कवरेती ने कहा कि अंबेडकर ने हमेशा ही समावेशी प्रतिभागिता से समावेशी विकास प्रक्रिया पर जोर रहा। वे स्वानुभूति की दुर्लभ मूर्ति थे, तभी तो भारतीय संविधान सदियों से शोषित पीड़ित बेबस समाज का प्रतिनिधि दस्तावेज है।

प्रो. जी.एल. विश्वकर्मा ने कहा कि गैर बराबरी पर अम्बेडकर जैसा क्रूरता भरा प्रहार और किसी ने नहीं किया। प्रो. आर.के. पहाड़े ने कहा कि अम्बेडकर ने अवरोधों के झंझावातों को धता बताकर सही मायने में शिक्षित बौद्धिक इंसान होने का एक नायाब आदर्श प्रस्तुत किया। प्रो. सुरेखा तेलकर ने कहा कि बाबासाहेब के युग परिवर्तनकारी योगदान को कोई मानसिक रूप से अस्वस्थ व्यक्ति ही नकार सकता है।

प्रो. सकरलाल बट्टी ने कहा कि बाबासाहेब का व्यक्तित्व ऐसा था कि उनके विरोधी भी अस्पृश्यताओं की असमानताओं के खिलाफ उनकी कक्रांति के कायल होकर प्रशंसा करते हैं। प्रो. संतोष उसरेठे ने कहा कि अंबेडकर को भावी पीढ़ियां विषमताओं के विरुद्ध मुखर शंखनाद करने वाले जननायक के रूप में याद करेंगी।

प्रो. रक्षा उपश्याम ने कहा कि अंबेडकर निर्बल व्यक्ति के आर्थिक सुदृढ़ीकरण के प्रावधानों को मूर्त स्वरूप देने वाले विधिवेत्ता थे। संतोष अमोडिया ने कहा कि अंबेडकर सामुदायिक असमानता से उपजी शोषणकारी व्यवस्था के विरुद्ध मुखर अभिव्यक्ति के पुरोधा थे। कार्यक्रम में कमलेश चौधरी, नरेश चौधरी, नीलेश नाग, सुनील पाटिल, आनंद रजक और श्वेता चौहान का विशेष सहयोग रहा।

## बिना यातायात पुलिस के सड़कों से उठाए जा रहे है दो पहिया वाहन



**छिन्दवाड़ा, देशबन्धु।** छिन्दवाड़ा में अस्पताल के पास और आसपास के क्षेत्रों में चार लड़के वाहन लेकर आते है और प्रतिदिन सुबह से शाम तक दो पहिया वाहन उठाकर यातायात थाने में खड़ा कर देते है। ऐसा लगता है कि पुलिस के अधिकार वाहन में चलने वाले चार युवको को ही दे दिए गए है। यातायात पुलिस रहती नहीं है, अपनी मर्जी से जब चाहे, जिसकी चाहे समय, बेसमय वाहन उठाकर चल देते है और यातायात थाने में जमा कर देते है। वहां पर क्या कार्यवाही की जाती है यह भी क्लीयर नहीं है। लेकिन आज तक कहीं भी बिना पुलिस अधिकारी, कर्मचारी के उपस्थिति में ही वाहन उठाऐं जाते रहे है अनुपस्थिति में वाहन नहीं उठाऐं जाते।

क्या कानून केवल दो पहिया वाहन के लिए है फोर व्हलीर वाहन ई.एल.सी. से लेकर मानसरोवर काम्पलेक्स तक और अनगढ़ हनुमान मंदिर से लेकर फव्वारा चौक तक घंटो खड़े रहते है, लोग वाहन खड़े कर शॉपिंग में चले जाते है लेकिन इन वाहनों पर कोई उंगली नहीं उठाता है। यातायात पुलिस के जवान विसिल बजाते हुए नजर आते है लेकिन वाहन हटाने के लिए क्यों नहीं कह पाते समझ से परे है।इसके अलावा जेल तिराहे से लेकर सत्कार तिराहा और वहां से लेकर परासिया रोड, पूजा लॉज तक तथा पूजा लॉज से लेकर पुराना परासिया नाका शॉपिंग जोन तक दोनों सड़को के किनारे सफेद लाइन के बाहर टू व्हीलर, फोर व्हीलर वाहन खड़े रहते है लेकिन कार्यवाही नहीं होती।

गरीब व्यक्ति जो पार्किंग का पैसा नहीं दे सकता और अस्पताल के बाहर खड़ा कर देता है उनके वाहन ही उठाकर ये चार नौजवान गाड़ी में रखकर ले जाकर यातायात थाने में जमा कर देते है, फिर वाहन मालिक फड़फड़ाते हुए या आटो से गाड़ी लेने पहुंचता है।

## पांढुर्णा जिले के ग्रामों में जल संरक्षण के लिए दीवार लेखन

**छिन्दवाड़ा, देशबन्धु।** पांढुर्णा कलेक्टर अजय देव शर्मा के निर्देशानुसार म.प्र. जन अभियान परिषद के जिला समन्वयक अखिलेश जैन के कुशल मार्गदर्शन में विकासखंड समन्वयक दिलीप आठनेरे की उपस्थिति में सीएमसीएलडीपी के छात्रों द्वारा जल गंगा संवर्धन अभियान के अंतर्गत जल संरक्षण विषय पर पांढुर्णा जिले के प्रत्येक ग्रामों में दीवार लेखन कार्य किया जा रहा हैं।

इस दौरान सभी उपस्थित जनों को जल संरक्षण व संवर्धन की शपथ भी दिलाई जा रही है। सीएमसीएलडीपी के छात्र-छात्राओं के द्वारा पांढुर्णा जिले के सभी विकासखण्डों में भ्रमण किया जा रहा है और जल संरक्षण की शपथ दिलाई जा रही



# कार्यकर्ता ही पार्टी की रीढ़ : सांसद

**छिन्दवाड़ा, देशबन्धु।** सक्रिय सदस्यों के कांधों पर पार्टी की जिम्मेदारी है। कार्यकर्ता ही पार्टी की रीढ़ है, इन्हीं के परिश्रम और प्रयासों का नतीजा है कि आज भाजपा विश्व की सबसे बड़ी राजनीतिक पार्टी बन गई है। उक्त आशय के उद्गार छिन्दवाड़ा स्थित पूजा लॉज में विधानसभा के सक्रिय सदस्यों के सम्मेलन को संबोधित करते हुए सांसद बंटी विवेक साहू ने व्यक्त किये।

सम्मेलन में सांसद श्री साहू ने सक्रिय सदस्यों से आह्वान किया कि वे निरंतर जनता की सेवा में लगे रहें। सरकार की योजनाओं का लाभ जरूरतमंद लोगों तक पहुंचाने में मदद करे। इस दौरान उन्होंने कहा कि विकसित भारत के सपने को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी पूरा करने में लगे हुए है, उनके बीते हुए 11 साल के कार्यकाल में बहुत सी उपलब्धियां देखने को मिली है। उनकी उपलब्धियों में धारा 370, वक्फ बोर्ड संशोधन अधिनियम, भगवान श्रीराम का मंदिर, अंत्योदय के तहत मुफ्त राशन, प्रधान मंत्री आवास, आयुष्मान जैसी मुफ्त चिकित्सा योजना सहित अन्य योजनाएं शामिल है।



प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी द्वारा जो योजनाएं देश भर में संचालित की जा रही है उसका सीधा लाभ देश के गरीबों को मिल रहा है।

सांसद श्री साहू ने कहा की जो कार्य पिछले 70 सालों में नहीं हो सके वे प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के 11 साल में ही पूरे हो गये है।

सम्मेलन को सम्बोधित करते हुए भाजपा जिलाध्यक्ष शेषराव यादव ने कहा कि भाजपा कार्यकर्ताओं की पार्टी है और भाजपा सतत रूप से जनकल्याण के लिए कार्य कर रही है। उन्हीं की मेहनत का परिणाम है कि आज मध्य प्रदेश सहित देश भर में इतनी बड़ी संख्या में हमारे विधायक और सांसद जीत कर आये है।

सम्मेलन के दौरान जिला संगठन प्रभारी संतोष पारिख, महापौर विक्रम अहाके, ज़िला पंचायत उपाध्यक्ष अमित सक्सेना, मंडल अध्यक्ष अंकुर शुक्ला, सौरभ ठाकुर, ओम पटेल, श्रीमती लीला बिजोलिया, नवीन बारस्कर, रमाकांत पटेल, सक्रिय सदस्यता अभियान संयोजक संजय पटेल, पूर्व जिला महामंत्री राजू नरोटे, वरिष्ठ पार्षद विजय पांडे, नीरज बंटी पटेल, अरविंद राजपूत, रिजवान कुरैशी, संतोष पटेल, पंकज पाटनी सहित अन्य पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता उपस्थित थे।

# जांच शिविर में छिंदवाड़ा से पहुंचे 47 स्काउट गाइड



**छिन्दवाड़ा, देशबन्धु।** भारत स्काउट गाइड राज्य मुख्यालय भोपाल के आदेश अनुसार संभाग स्तर पर राज्य पुरस्कार स्काउट गाइड जांच शिविर का आयोजन 8 अप्रैल 2025 से 12 अप्रैल 2025 तक जिला बालाघाट में आयोजित किया गया था, जिसमें छिंदवाड़ा जिले से 11 स्काउट 30 गाइड एवं 6 स्काउट्स गाइड्स कुल 47 स्काउट गाइड की प्रतिभागिता रही। शिविर में प्रवेश से लेकर राज्य पुरस्कार तक के पाठ्यक्रम का जांच हुआ।

उक्त शिविर में सफल स्काउट गार्डर को राज्यपाल के हस्ते राजपाल पुरस्कार प्रदान किया जाएगा। छिंदवाड़ा जिले से शासकीय एम.एल.बी. कन्या उच्चतर माध्यमिक विद्यालय छिंदवाड़ा, विद्या भूमि पब्लिक स्कूल छिंदवाड़ा, बालाजी पब्लिक स्कूल छिंदवाड़ा, जगन्नाथ उच्च माध्यमिक विद्यालय छिंदवाड़ा, शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय सोनाखार, शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय पीपला नारायणवार, सी.एम. राइस विद्यालय सौसर एवं शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय घोटी विकासखंड सौसर इस प्रकार जिले से 8 संस्थाओं के स्काउट एवं गाइड के छात्र छात्राओं की प्रतिभागिता रही।

स्काउट गाइड के जिला संघ अध्यक्ष विनोद तिवारी ने स्काउट एवं गाइड के छात्रों को राज्य पुरस्कार हेतु अग्रिम बधाई दी। उक्त शिविर में प्रवेश प्रथम सोपान, द्वितीय सोपान, तृतीय सोपान एवं राज्य पुरस्कार तक के पाठ्यक्रम लिखित ओरल प्रैक्टिकल तीन तरह से जांच लिया गया। डी.ओ.सी. नरेंद्र कुमार शर्मा ने बताया की सभी सफल बच्चो को राज्यपाल के हस्ते सम्मानित होने का गौरव प्राप्त होगा जो हमारे जिले के लिए गौरव की बात है।

सार समाचार

## भाजपा सरकार में महिलाओं पर बढ़ते अपराध व अत्याचार : महिला कांग्रेस



**छिन्दवाड़ा, देशबन्धु।** मासूम बेटियों, महिलाओं व युवतियों के साथ जिले व पूरे प्रदेश में हो रही दरिंदगी से आहत महिला कांग्रेस ने प्रदेश की भाजपा सरकार को मातृशक्ति की सुरक्षा हेतु जगाने व बढ़ते हुए अपराध पर रोक लगाने की मांग को लेकर कलेक्ट्रेट पहुंचकर ज्ञापन प्रस्तुत किया। जिला महिला कांग्रेस की पदाधिकारियों ने कलेक्ट्रेट में धरना देकर महिलाओं की सुरक्षा सुनिश्चत करने की मांग की।

जिला महिला कांग्रेस ने प्रस्तुत ज्ञापन में उल्लेख किया कि छिन्दवाड़ा जिला एवं सम्पूर्ण म.प्र. में मासूम बेटियों व महिलाओं के साथ लगातार जघन्य अपराध घटित हो रहे। महिलाओं से जुड़े बढ़ते आपराधिक मामलों से महिलाओं व बेटियों के मन में डर व दहशत का माहौल है वे घरों से अकेले निकलने में डर रही है। सरकार के संरक्षण प्राप्त असामाजिक गुंडों से आमजन को जान माल का खतरा है। धवस्त हो चुकी कानून व्यवस्था व भाजपा की सरकार में बेटियों व महिलाओं को सुरक्षित करने के लिए जिला महिला कांग्रेस ने बेटी बचाओं अभियान के तहत महिलाओं की सुरक्षा की मांग की, ताकि जिले व प्रदेश में महिलाएं, बहन व बेटियों निडर होकर घर से अपने कार्य व व्यवसाय के लिए निकल सके। प्रदेश के मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव के नाम प्रस्तुत ज्ञापन में जिला महिला कांग्रेस ने विनम्रतापूर्वक आग्रह किया कि छिन्दवाड़ा जिले में नाबालिग बेटियों व महिलाओं पर बढ़ते अपराध को रोकने हेतु ठोस व कारगर कदम उठाए जाएं ताकि महिलाएं व बहनए बेटियां भयमुक्त होकर अपने समस्त कार्यों को कर सकें।

ज्ञापन प्रस्तुत करते समय जिला महिला कांग्रेस अध्यक्ष श्रीमती किरण चौधरी, जिला प्रभारी महिला कांग्रेस मंजू बैस, संगीता ठाकुर, दीपा यादव, रानू डेहरिया, सरला सिसोदिया, हंसा दाढ़े, शोभा शर्मा, आम्रपाली, संतोषी गजभिये, माया सूर्यवंशी, अन्नू अरोरा व साधना सहित अन्य उपस्थित रहे।

## जनसुनवाई में सुनी गई 90 आवेदकों की समस्याएं

**छिन्दवाड़ा, देशबन्धु।** राज्य शासन के जनसुनवाई कार्यक्रम के अंतर्गत प्रति सप्ताह मंगलवार को आम नागरिकों की समस्याओं की सुनवाई की जाती है और संबंधित विभाग के अधिकारियों से इन समस्याओं का त्वरित निराकरण कराया जाता है। कलेक्टर शीलेन्द्र सिंह के मार्गनिर्देशन में मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत अग्रिम कुमार ने कलेक्टर कार्यालय के सभाकक्ष में आयोजित जनसुनवाई में 90 आवेदकों की समस्यायें सुनी। इस दौरान जिले के शहरी और ग्रामीण, दूरस्थ अंचलों से आये आवेदकों ने सामूहिक और व्यक्तिगत रूप से उपस्थित होकर अपनी समस्याओं के निराकरण के लिये आवेदन प्रस्तुत किये। जनसुनवाई में मुख्य रूप से भूमि का रकबा एवं खसरा नक्शा सुधारने, अतिक्रमण हटाने, प्रधानमंत्री आवास योजना का लाभ दिलाने, पी.एम. किसान सम्माननिधि की राशि दिलाने, गरीबी रेखा का राशन कार्ड बनाने, मकान पट्टा प्रदान करने, शासकीय योजनाओं का लाभ दिलाने व आर्थिक सहायता दिलाने आदि से संबंधित आवेदन प्राप्त हुये। जनसुनवाई के दौरान आवेदकों के बैठने की व्यवस्था भी की गई थी। इस दौरान कलेक्टर कार्यालय के सभाकक्ष में संयुक्त कलेक्टर श्रीमती ज्योति ठाकुर व डिप्टी कलेक्टर आर.के. मेहरा सहित विभिन्न विभागों के जिला स्तरीय और संबंधित अधिकारियों द्वारा भी आवेदनों पर सुनवाई की गई, जबकि अन्य सभी खंड स्तरीय अधिकारी वीसी के माध्यम से जनसुनवाई में शामिल हुये।



## तामिया में 497 वर-वधु परिणय सूत्र में बंधे

**छिन्दवाड़ा, देशबन्धु।** जिले के तामिया जनपद में आयोजित हुआ मुख्यमंत्री कन्यादान योजना में 497 जोड़ों का विवाह संपन्न हुआ। इस मुख्यमंत्री कन्यादान में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का संदेश एक पेड़ मां के नाम से प्रेरणा लेकर एक पेड़ पर वर वधू के नाम उनके विवाह की यादगार पल में तामिया जनपद पंचायत अध्यक्ष तुलसा परतेती की अभिनव पहल सभी वर वधु को इस विवाह शगुन की यादगार में 600 मिश्रित प्रजाति के पौधे आम, जाम, अमरुद, अशोक, हर्रा, महुआ आदि प्रजाति के पौधों का जिले के सांसद बंटी साहू एवं विधायक जामई सुनील ऊईके, तामिया विकास प्राधिकरण के प्रदेश अध्यक्ष अंगरिया, छिंदवाड़ा महापौर विक्रम अहके, पूर्व विधायक नत्थन शाह कवरेती, कार्यक्रम में वरिष्ठ भाजपा नेता राजू नरोटे, भाजपा अल्पसंख्यक मोर्चा अध्यक्ष रिजवान कुरैशी, रियाज खान सहित प्रशासनिक अधिकारियों में एसडीएम कामनी ठाकुर, सीईओ संतोष मांडलिक, सहायक लेखाधिकारी राजू सूर्यवंशी, मो. असलम, एसडीओ आर.बी. कैथवास, ममता ठाकुर आदि। इस अभिनव पहल में वृक्ष मित्र रवींद्र सिंह सेवानिवृत्त सहायक वन संरक्षक एवं जैव विविधता दूत मोहन साहू मास्टर ट्रेनर ईको पर्यटन विकास बोर्ड भोपाल ने इस अभिनव पहल पर सहयोग दिया।



# खनिजों का अवैध परिवहन करते चार ट्रैक्टर व एक डंपर जब्त

**छिन्दवाड़ा, देशबन्धु।** कलेक्टर शीलेन्द्र सिंह एवं एस.डी.एम. परासिया पुष्पेन्द्र निगम के निर्देशानुसार तथा प्रभारी खनि अधिकारी रविन्द्र परमार के मार्गदर्शन में जिला छिंदवाड़ा के परासिया अनुभाग के अंतर्गत खनिजों के अवैध उत्खनन, परिवहन तथा भंडारण की रोकथाम के लिये खनिज, राजस्व व पुलिस विभाग के संयुक्त दल द्वारा आज तहसील परासिया एवं उमरेठ के अंतर्गत विभिन्न क्षेत्रों का आकस्मिक निरीक्षण किया गया।



क्षेत्र निरीक्षण के दौरान उमरेठ तहसील के अंतर्गत ग्राम मूंगा कुलबेहरा नदी से 04 ट्रैक्टर ट्रॉली द्वारा खनिज रेत का अवैध खनन करते हुए पाया गया, जिसमें ट्रैक्टर क्रमांक एम.पी. 28 ए सी 4013, एम.पी. 28 ए.डी.-6437, एम.पी. 28 जेड जी 1419 एवं एक बिना नम्बर ट्रैक्टर मय ट्रॉली में अवैध रूप से खनिज रेत का खनन करते पाये जाने से संयुक्त रूप से कार्यवाही करते हुए वाहनों को खनि नियमाधीन प्रावधानों के अंतर्गत शासकीय रूप से जप्त किया गया।

साथ ही क्षेत्र निरीक्षण के दौरान ग्राम मूंगा परासिया मार्ग में खनिज मिट्टी/मुरूम का अवैध रूप से परिवहन करते हुए एक डंपर क्रमांक एम.पी. 22 एच 3777 पाए जाने पर कार्यवाही करते हुए वाहन को खनि नियमाधीन प्रावधानों के अंतर्गत शासकीय रूप से जप्त किया गया।

इन पांचो वाहनों ट्रैक्टर ट्रॉली व डंपर को पुलिस थाना देहात परिसर में शासकीय अभिरक्षा में खड़ा किया गया। वाहनों में खनि नियमाधीन प्रावधानों के अंतर्गत खनिज का अवैध खनन एवं परिवहन किए जाने से प्रकरण दर्ज किया जाकर जुर्माना राशि अधिरोपित किए जाने के लिये निर्णयन कलेक्टर न्यायालय छिंदवाड़ा के समक्ष प्रकरण प्रेषित किए जाने की कार्यवाही की जायेगी।

कार्यवाही के दौरान सहायक खनि अधिकारी महेश नगपुरे, राजेश उईके, होमगार्ड सैनिक देवेंद्र शर्मा तथा राजस्व एवं खनिज विभागीय संयुक्त अमला सम्मिलित था।

# बेहतर कल के लिए प्रकृति का संरक्षण अति आवश्यक : दादा गुरु

## गणेश मठ बिछुआ के संत समागम में उमड़ा सनातन प्रेमियों का सैलाब

**बिछुआ, देशबन्धु।** नगर के गणेश मठ में श्री अलोणी महाराज सेवा संस्थान बिछुआ के द्वारा विशाल संत समागम का आयोजन किया गया। संत समागम में नर्मदा सेवक निराहारी संत श्री दादा गुरु भगवान के दिव्य दर्शन एवं आध्यात्मिक मार्गदर्शन प्राप्त हुआ। श्री दादा गुरु का गणेश मठ में भव्य के साथ स्वागत किया गया। इस मौके पर गणेश मठ के पीठाधीश्वर महामंडलेश्वर डॉ. वैभव अलोणी ने धर्म प्रेमियों को संस्थान के द्वारा सनातन धर्म की रक्षा के क्षेत्र में किए जा रहे हैं कार्यों की जानकारी दी।

संत समागम को संबोधित करते हुए अवधूत सिद्ध महायोगी संत दादा गुरु ने कहा कि प्रकृति का सरंक्षण ही ईश्वर की सच्ची भक्ति है। अलोणी महाराज सेवा संस्थान के गणेश मठ द्वारा किए कार्यों की सराहना करते हुए कहा कि छिंदवाड़ा जिले के निवासी सौभाग्यशाली जहां से 11 नदियां अविरल बह रहीं हैं, उन्होंने ने गौ माता के संरक्षण और संवर्धन पर बल देते हुए बोले कि अब ग्राम और नगर के पहचान गौ माता की संख्या पर निर्भर होंगी। जिस गांव में गौ माता जितनी अधिक होंगी वह उतना ही अधिक समृद्धि शाली होंगा और विपदाओं से बचा रहेंगा। गणेश नाम मंत्र जाप बैंक की स्थापना पर हर्ष जताते हुए कहा कि किताब में श्री गणेशाय नमः का लेखन करके मन में जाप करें,





भगवान गणपति आपको सुख, शांति और समृद्धि प्रदान देंगे, क्योंकि यह पुनित कार्य गणेश मठ के पावन सानिध्य में हो रहा हैं। साथ ही कहा की बेहतर कल के प्रकृति, धरती माता, नदियों का सरंक्षण का अति आवश्यक है। संत श्री के दिव्य दर्शन पाने के लिए बड़ी संख्या में सनातन धर्म प्रेमी उपस्थित थे।

इनकी रहीं उपस्थिति

संत समागम में छिंदवाड़ा सांसद विवेक बंटी साहू, चौरई विधायक सुजीत सिंह चौधरी, पूर्व विधायक रमेश दुबे, विश्वनाथ ओक्टे, राजा शंकरशाह विश्वविद्यालय छिंदवाड़ा के कुलगुरू प्रो. इन्द्र प्रसाद त्रिपाठी, कुलसचिव युवराज पाटिल, वाकी शरीफ ट्रस्ट के प्रभाकर पाटिल डाहके, विठ्ठल पाटिल, केदार, गणेश मंदिर समिति अध्यक्ष संजय चिंचोले, संत तुरियानंद महाराज, संतोष पारिक, रविन्द्र केदार समेत आदि उपस्थित थे।

भक्तिमय में भजनों से मंत्र मुग्ध हुए श्रोता

संत समागम में संगीतमय भजन संध्या का आयोजन हुआ। जिसमें रसिक म्यूजिकल ग्रुप नागपुर के भजन गायक अतुल तायवाड़े, मोनिका भोयर के द्वारा एक से बढ़कर एक भजनों की प्रस्तुति दी। भजनों में देवा हो देवा गणपति देवा, गणराजा तुम्हारी कृपा, गणपति गणनायक, एक मीरा और एक राधा, तुम हो कैलाश के निवासी आदि भजनों ने धर्म प्रेमियों की जमकर तालियां बटौरी।

गणेश मंदिर बिछुआ में स्थापना वर्षगांठ महोत्सव के दूसरे दिन सोमवार को विभिन्न धार्मिक अनुष्ठान आयोजित हुए। मंदिर में श्री मंगलमूर्ति एवं संस्थापक बाबा महाराज की प्रतिमा पर अभिषेक व पूजा अर्चना के साथ दिन की शुरुवात हुई। हरिनाम सप्ताह कार्यक्रम में प्रवचनकर्ता हरि भक्त परायण सुरेन्द्र महाराज एवं साथियों ने प्रभु श्रीकृष्ण की महिमा बखान बड़े ही मनमोहक अंदाज में किया।

हरिनाम सप्ताह के आयोजन से सम्पूर्ण नगर में विठ्ठल विठ्ठल हरि विठ्ठला के जयघोष गूंजाएमान हो उठें। स्थापना वर्षगांठ महोत्सव के दो दिवसीय कार्यक्रम का समापन दहीलाही एवं विशाल भंडारे के साथ हुआ।

## थावरीटेका में कलश यात्रा के साथ तीन दिवसीय पांच कुंडीय गायत्री यज्ञ का शुभारंभ

**छिन्दवाड़ा, देशबन्धु।** अखिल विश्व गायत्री परिवार हरिद्वार के तत्वधान में मातृशक्ति एवं अखंड दीपक की जन्म शताब्दी वर्ष के अंतर्गत पर्यावरण संरक्षण हेतु कल 15 अप्रैल को थावरिटेका प्रज्ञा मण्डल द्वारा आयोजित तीन दिवसीय पांच कुंडीय यज्ञ के प्रथम दिन देव मंच पर विराजित दीप प्रज्वलित कर शांतिकुंज प्रतिनिधि टोली नायक धनराज धोटे का स्वागत तिलक लगाकर किया गया इसके उपरांत गाँव मे कलश यात्रा निकाली गई।

गाँव के बच्चे बच्चियां महिलाओ व सभी गाँव वासियो ने कलश यात्रा मे अपनी सहभागिता दी एवं गाँव के लोगो ने कलश यात्रा पर फूल वर्षा कर स्वागत किया।



गायत्री शक्ति पीठ से जे.पी. साहू एवं सतीश कोठे भी कलश यात्रा मे शामिल हुए। मुन्ना लाल कवरेती, सुदेश चंद्रवंशी (सरपंच), पवन गोहिया, राजेश एवं सुनील चन्द्रवंशी गाँव के सभी गणमान्य लोग शामिल रहें दिलीप सिंगारे द्वारा संचालन किया गया।

इस अवसर पर बड़ी संख्या में ग्रामवासी उपस्थित रहे।